एक नजर में

संत कंवररामजी की प्रतिमा का अनावरण आज

उज्जैन। संतश्री कंवर राम जी की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 12 मई प्रात: 9 बजे अलखधाम नगर स्थित उद्यान में करेंगे। इस अवसर पर समर्थ संस्था उज्जैन द्वारा आयोजित नि :शुल्क दिव्यांगजन हवाई यात्रा में गए यात्रियों का सम्मान भी किया जाएगा। आज होने वाले इस आयोजन को लेकर 11 मई को अलखधाम नगर कॉलोनी स्थित उद्यान में सिंधी समाज उज्जैन एवं समर्थ सेवा संस्था उज्जैन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि समर्थ संस्था के संयोजक महेश परियानी, श्याम माहेश्वरी, दीपक राजवानी द्वारा दिव्यांगजनों को इंदौर से उदयपुर हवाई यात्रा द्वारा ले जाया गया था। यह देश की प्रथम दिव्यांगजन नि :शुल्क यात्रा थी जिसको गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अंकित किया गया है। जिसके पुरस्कार सम्मान पत्र मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस यात्रा में कपिल बाशानी, वेदप्रकाश आडवाणी, दीपक राजवानी की सेवाओं के फल स्वरुप इन्हें सम्मानित किया जाएगा। संत कंवर राम की प्रतिमा स्थापित करवाने में योगदान देने हेतु सुनील नवलानी का सम्मान भी किया जाएगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, किशोर खंडेलवाल, क्षेत्रीय पार्षद दिव्या बलवानी, वासुदेव केसवानी, किशोर खंडेलवाल, संतोष लालवानी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गोपाल बलवानी, दौलत खेमचंदानी, प्रताप रोहरा, महेश गंगवानी, मोहन वासवानी, श्याम महेश्वरी, विट्ठल नागर, आनंद पुरोहित, श्रीकांत माखीजानी, जवाहर सनमुखानी, नरेश धनवानी, दीपक बेलानी, गोपाल अग्रवाल, तुलसी राजवाणी, रमेश गजरानी, वीर कुमार मामनानी, मुकेश शेवरामानी, किशोर मुलानी, जवाहर जयसिंघानी, गोपाल राचवानी, आकाश चावला, अशोक राजवानी, सुरेश सनमुखानी, अशोक हरपालनी, लीलाराम चंदनानी द्वारा अपील की गई।

प्रार्थना के साथ मेले का समापन

उज्जैन। 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथंगे वालों के दो दिवसीय मेले का समापन रविवार 11 मई को विश्व शांति की प्रार्थना के साथ हुआ। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि दरबार साध पुरसनाराम साहिब (स्वामी पुरसनाराम धाम), ब्राह्मण गली, अब्दालपुरा में आयोजित दो दिवसीय मेले में गोधरा की श्री कृष्णा भजन मंडली द्वारा साई के भजन सुनाए। भजनों पर सैकड़ों भक्त धर्म की गंगा में डूब गए। साध मुकेश एवं साध राजू ने बताया कि स्वामी पुरसनाराम साहिब ने 12 वर्ष बबूल के पेड़ के नीचे भक्ति की जिससे बबुल ने अपने सभी कांटे अलग कर दिए। बबूल के पत्ते साई के आसपास बिखर गए। यह बबूल का पेड़ आज भी सिंध के हाथुंगे वाले शहर में एक ऐतिहासिक पेड़ बनकर खड़ा है। साई को मत बुलो बंधु साई ही सभी का रखवाला है। पैसे से भोजन खरीदी सकते हैं भूख कहां से लाएंगे। पैसे से बिस्तर खरीद सकते हैं, नींद कहां से लाएंगे। बाबा महाकाल, भगवान झूलेलाल, साईं स्वामी पुरसनाराम साहिब के भजन रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम में चलते रहे।

11:11:11 सेकंड पर अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग

उज्जैन। प्रतिवर्ष नरसिंह जयंती के अवसर पर प्रात: 11:11:11 सेकंड पर होने वाले इस अनूठे कार्यक्रम में मां शिप्रा संरक्षण के संकल्प के साथ ही अबकी बार देश की वर्तमान परिस्थितियों में देश को हौसला और विश्वास दिलाने के लिए सैनिकों के सम्मान स्वरूप तथा विश्व में फैली अशांति और उन्माद से ग्रसित लोगों को सद्बुद्धि देने और विश्व में अमन चैन और शांति के आह्वान के साथ सांकेतिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग किया गया। पारदेश्वर महादेव मंदिर सिद्धाश्रम नरसिंह घाट उज्जैन पर आयोजित इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी नारदानंद, स्वामी प्रणवानंद, संयोजक विजय कौशिक, यू एस ए से आए हुए आध्यात्मिक संगीतकार कमारी जयदीप एवं देश विदेश तथा आश्रम परिवार के कई लोगों ने भाग लिया तथा ठीक 11 बजकर 11 मिनट 11 सेकंड पर 11 बार ओमकार का नाद किया। कार्यक्रम संयोजक विजय कौशिक ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग मे कई श्रद्धालु ऑनलाइन भी जुड़े और आत्म शांति, विश्व शांति की कामना के साथ देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें सलूट करने के लिए इस बार का यह ओंकार नाद किया गया।

जल गंगा संवर्धन का निरीक्षण किया

उज्जैन। रविवार को सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत, ग्राम पंचायत सुचाई का खेड़ा नगजी मनरेगा अन्तर्गत प्रगतिरत अमृत सरोवर एवं ग्राम पंचायत पिपलिया कायथा में हितग्राही मूलक कूप रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया गया। साथ ही अमृत सरोवर में आस पास के कृषक एवं ग्राम सरपंच से नवीन खेत तालाब अधिक से अधिक लिए जाने हेतु खेत तालाब की उपयोगिता को समझाते हुए चर्चा की।

दिव्यांगों का नि :शुल्क विवाह कराया

उज्जैन। चितामंन गणेश मंदिर समिति द्वारा आकाश पिता सुरेश निवासी ग्राम पीपलू जिला उज्जैन डाली पिता बलराम निवासी ग्राम सिजावता बड़नगर दोनों दिव्यांग जनों का विवाह श्री चिंतामण गणेश मंदिर समिति द्वारा नि :शुल्क कराया गया। इस कार्य में अभिषेक शर्मा का विशेष प्रयास रहा।

महाकाल लोक परिसर में सायरन बजते ही पुलिस ने संभाला मोर्चा

डॉग स्क्वॉड भी सक्रिय, भीषण गर्मी में मॉकड्रिल, बीडीएस की टीम ने भी संदिग्ध वस्तुओं को मंदिर में जांचा

भारत पाकिस्तान तनाव के बीच चल रहे युद्ध को लेकर

एसपी के निर्देश पर महाकाल में चाक चौबंद व्यवस्था

उज्जैन। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा है, दोनों तरफ से मिसाइल, ड्रोन अटैक, बमबारी गोलीबारी की जा रही है। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से बाबा के दर्शन करने के लिए आते हैं। उज्जैन प्रदीप शर्मा ने सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत रविवार को कड़कती धूप में भी मॉक ड्रिल की गई।

महाकाल मंदिर में जब पुलिस बल मॉक ड्रिल के तहत दाखिल हुआ तो त्रिनेत्र कंट्रोल रूम पर सभी को एकत्रित किया गया और यहां एएसपी नितेश भार्गव ने सभी पुलिस कर्मियों को टिप्स दिए गए कि बीडीएस की टीम क्या करेगी डॉग्स स्क्वॉड की टीम का क्या काम होगा। बाकी पुलिसकर्मी कहां-कहां किस प्रकार से ड्यूटी करेंगे। सभी को निर्देश देने के बाद सायरन बजाया गया और सभी अपने-अपने एक्शन में आ गए।

मंदिर परिसर में संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई, आतंकी हमले जैसी गंभीर स्थितियों का परिदृश्य, भगदड़ जैसी स्थिति से निपटने की रणनीति, इन स्थितियों में पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिक्रिया दी गई। सभी इकाइयों ने समन्वयपूर्वक कार्य कर आपसी तालमेल और तत्परता का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों में बलों की तैयारी, प्रतिक्रिया क्षमता एवं आपसी सहयोग को परखना था। ऐसे ड्रिल्स से न केवल सुरक्षा एजेंसियों को व्यावहारिक अनुभव मिलता है, बल्कि आमजन की सुरक्षा हेतु रणनीतियां और अधिक प्रभावशाली बनाई जा सकती हैं। उज्जैन पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के अभ्यास आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाता है।

श्रद्धालु अचानक चौंक गए, श्रद्धालुओं के बैग जांचे गए

महाकाल लोक से लेकर महाकाल मंदिर परिसर आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तहत उज्जैन पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। महाकाल मंदिर में आए दर्शनार्थी श्रद्धालु उस वक्त चौंक गए, जब लगभग 160 पुलिसकर्मी अचानक मॉक ड्रिल के तहत एक्शन लेने लगे। लोग एक दूसरे से चर्चा करते नजर आए कि आखिर मंदिर में क्या हुआ है। नवभारत से चर्चा में एडिशनल एसपी नितेश भार्गव ने बताया कि जिस प्रकार से देश में गतिविधियां चल रही है। ऐसे में सुरक्षा के तहत मॉक ड्रिल की गई है। मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों के सामान की जांच की जा रही है और हर किसी परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई। रविवार को जो मॉकड्रिल की गई उसमें 160 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी साथ ही एसटीएफ व बीडीडीएस की टीमों ने किया संयुक्त अभ्यास किया। उज्जैन के कई थानों से पुलिसकर्मियों को महाकाल थाना बुलाया गया था और यहां से सभी एकजुट होकर त्रिनेत्र पर पहुंचे।

एडिशनल एसपी नितेश भार्गव ने संभाला मोर्चा

उज्जैन पुलिस द्वारा रविवार महाकाल मंदिर परिसर में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उज्जैन के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पूर्व) उज्जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। महाकाल थाने पर एकत्रित हुए पुलिसकर्मियों को एडिशनल एसपी ने पहले संबोधित किया, यहां महाकाल थाना प्रभारी गगन बदल के चेंबर में एडिशनल एसपी ने पहले मीटिंग ली। उक्त मॉक ड्रिल अभ्यास में नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग कोतवाली राहुल देशमुख व नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग जीवाजीगंज सुमित अग्रवाल व संबंधित थानों के थाना प्रभारी व उनकी पुलिस टीम उपस्थित रही। जिन्होंने मॉक ड्रिल अभ्यास में भाग लिया। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेष रूप से भारत-पाक तनाव की पृष्ठभूमि में सुरक्षा तैयारियों को परखने और आपातकालीन स्थितियों में समन्वित कार्रवाई के अभ्यास हेतु यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। यह कार्रवाई सभी जिले में की जा रही है और लोगों को समझाइश भी दी जा रही है।

बुधवारिया से सट्टा खाईवाली करते 9 लोगों को पकड़ा गया

उज्जैन। संगठित गिरोह के रूप में सट्टा खाईवाली कर रहे 9 लोगों को पुलिस में गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य अलग-अलग क्षेत्र में भी खाईवाली का काम कर रहे थे। सभी के खिलाफ मध्यप्रदेश पब्लिक गेम्बलिंग अधिनियम, 1976 की धारा 4(क) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि बुधवारिया क्षेत्र में दबिश देकर सट्टा खाईवाली गिरोह में शामिल शाहनवाज पिता अजीम खान 32 साल निवासी टंकी चौक गली नंबर -2, राजू उर्फ रिजवान पिता निसार हुसैन 46 साल पिंजरवाडी के सामने, पुरषोत्तम पिता गणपतलाल विश्वकर्मा 42 साल पीपलीनाका भैरुगढ रोड, लक्ष्मीनारायण पिता गोवर्धनलाल तंवर 30 साल बुधवारिया, राजेश पिता गोवर्धनलाल तंवर 46 साल बुधवारिया, शहजाद पिता शाहबुद्दीन शाह 37 साल एकता बेककरी के पास बिलोटीपुरा, प्रमोद पिता ओमप्रकाश मकवाना 40 साल बुधवारिया, कैलाश यादव पिता हल्केसिंह यादव 54 साल मक्सी रोड फ्रीगंज आई.टी.आई के पास और शुभम पिता उदय शंकर सिंह 27 साल निवासी कंचनपुरा बलाजी मंदिर के सामने उज्जैन को पकड़ा गया है। सभी संगठित होकर सट्टा खाईवाली का काम बुधवारिया और आसपास के क्षेत्र में कर रहे थे। जिनके पास से 22,450 रुपये नगद, 9 सट्टा पर्चियां, 19 सट्टा पाने, 2 मोबाइल फोन, 2 लीड पेन, 1 कैलकुलेटर बरामद किया गया है। सभी को मौके से थाने पर लाया गया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। सट्टा खाईवालों को गिरफ्तार करने में एसआई बभंवरसिंह निगवाल, प्रधान आरक्षण सर्वेश सिंह, आरक्षण दीपांशु, शंकर सिंह, बृजभूषण, मोतीलाल और ओम सिंह का सहयोग रहा।

डिवाइडर से टकराई बाइक, पति की मौत पत्नी घायल

उज्जैन। बीती रात बाइक सवार दंपत्ति के साथ हादसा हो गया। डिवाइडर से टकराने के बाद दोनों को अस्पताल लाया गया। जहां पति की मौत होना सामने आया। पत्नी घायल हुई है। बड़नगर के ग्राम कलमोड़ा में रहने वाला नारायण पिता भेरु सिंह पवार अपनी पत्नी पेपाबाई के साथ रिश्तेदारी में देवास गया था। जहां से दोनों बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे रात में चिंतामण थाना क्षेत्र के रत्नाखेड़ी में बाइक अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से जा टकराई। दोनों घायल हो गए लोगों की मदद से एंबुलेंस उपचार के लिए चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद नारायण को मृत घोषित कर दिया। घायल पत्नी से पूछताछ के बाद परिजनों को सूचना दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस चरक अस्पताल पहुंची और मृतक की पत्नी के बयान दर्ज किया मामले में मर्ग कायम कर सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है।

स्व. फिरोजिया की स्मृति में रात्रिकालीन हैवी टेनिस बॉल किक्रेट प्रतियोगिता का समापन

उज्जैन। धार्मिक नगरी उज्जैन में 5 मई से आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट महाकुंभ अखिल भारतीय फिरोजिया ट्राफी 2025 का रविवार को साय: 05 बजे से सेमीफाइनल और उसके पश्चात फाइनल मुकाबले खेले गये मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली हैवी टेन्सि बॉल प्रतियोगिता आज अपने अतिंम दौर में है।

सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा अपने पति स्व. भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति मे स्व. भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्था उज्जैन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन नगर के बीच स्थित क्षीर सागर खेल मैदान पर 5 मई से 11 मई तक रात्रिकालीन समय प्रतिदन साय: 06 से देर रात्रि तक किया गया। जिसमें देशभर के विभिन्न प्रांत जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, पंजाब की टीमे भाग ले रही हैं। जिसमे देश के हैवी टेनिस बॉल के प्रतिष्ठत खिलाड़ी भाग ले रहे है। स्व. श्री भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्था उज्जैन द्वारा आयोजित फिरोजिया ट्रॉफी 2025 का प्रथम पुरस्कार 5 लाख 51 हज़ार, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख 51 हजार, मैनऑफ़ द सीरीज बाइक ट्रॉफ़ी फ़ाइनल मैन ऑफ़ द मैच 21 हज़ार, ट्रॉफ़ी दर्शकों द्वारा कैच पकड़ने पर नगद पुरस्कार रखा गया है। संस्था के सचिव सुदर्शन शिशुलकर ने बताया कि इस आयोजन में महिला क्रिकेट को बढ़वा देने हेतु एक विषेष महिला क्रिकेट मैंच का भी आयोजन किया गया था। सभी मैचों का लाइव प्रसारण यू-टूब के चेनल के माध्यम से भी किया जा रहा है। आईपीएल सस्पेंड होने के बाद नगर एवं आस-पास के दर्शकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। जिससे रोमांच मुकाबला देखने को मिला, जिसने फैंस की धड़कने बढ़ा दी हैं।

हलवाई की गोंसा में मिली लाश, पुत्र ने लगाया हत्या का आरोप

उज्जैन। गोंसा में मिली वृद्ध की लाश को अस्पताल पहुंचे पुत्र ने पहचान लिया। उसने पिता की हत्या होने का आरोप लगाया। पुलिस में पोस्टमार्टम के बाद मौत होने की वजह सामने आने की बात कही है।

महाकाल थाना पुलिस ने शनिवार शाम को ग्राम गोंसा से एक वृद्ध की लाश बरामद की थी। जिसके पास से शराब के क्वार्टर भी मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचकर पहचान के प्रयास शुरू किया कुछ देर बाद ही नयापुरा में रहने वाले परिवार ने अस्पताल पहुंचकर मृतक की पहचान बद्री पिता बंसीलाल माली 65 वर्ष के रूप में कर ली। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पुत्र लोकेश आरोप लगाते हुए पिता की हत्या होने और 12 हजार रुपए भी गायब होने की बात कही। मृतक के पिछले हिस्से पर खरोच के निशान थे। परिजनों ने बताया कि बद्री हलवाई का काम करता था, 2 दिन पहले ग्राम गोंसा में रसोई बनाने गया था। जहां से वापस नहीं लौटा था। यह भी सामने आया कि बद्री माली शराब पीने का आदी था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मौत की वजह सामने आने की बात कही है फिलहाल मर्ग कायम किया गया है।

बाइक भिड़ंत में घायल पुजारी की मौत

उज्जैन। ढाबला फंटा पर दो बाइक भिड़ंत में घायल पुजारी की उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। चिमनगंज पुलिस में परिवार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि ग्राम नाहरिया में रहने वाला गोपाल दास पिता लक्ष्मी नारायण बैरागी 60 वर्ष 2 दिन पहले किराने का सामान लेने के लिए उज्जैन आया था वापस लौटते समय ढाबला फंटा के यहां पर सामने से आई बाइक ने टक्कर मार दी थी। गोपाल दास गंभीर घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां 2 दिन चले उपचार के बाद रात में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश कर रही है। परिजनों ने बताया कि गोपाल दास गांव में ही राम मंदिर के पुजारी थे।

मदर्स डे पर शहीद गजेंद्र सुर्वे की माता के साथ 101 माताओं का किया सम्मान

सिंदूर भेंट कर सेना के शौर्य प्रदर्शन को दिया प्रोत्साहन

उज्जैन। यूं तो शहर की सामाजिक संस्थाओं ने मातृ दिवस मनाकर महिलाओं का सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद भी लिया। इसी क्रम में प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा मदर्स डे पर भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में शहीद गजेंद्र सुर्वे की माता को सिंदूर भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं शहीद सुर्वे को अवन्तिका परम प्रतापी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर 101 माताओं का सम्मान संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनीता चौधरी, लोकेश सिंह तोमर, स्वप्निल केलकर, सिद्धार्थ भागचंदानी, एडवोकेट विजेता सोनी, अपूर्वा चौहान उपस्थित थी। यह जानकारी संस्था सचिव कुमार किशन ने दी।

नृसिंह जयंती | **शिप्रा के नृसिंह घाट से लेकर सराफा तक उत्सव, हजारों लोग पहुंचे दर्शन करने**

उज्जैन में मना नृसिंह जन्मोत्सव, सुबह अभिषेक, शाम को निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

उज्जैन। उज्जैन में वैशाख शुक्ल चतुर्दशी पर रविवार को नृसिंह जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह मंदिरों में भगवान का अभिषेक-पूजन किया गया तो शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शिप्रा के नृसिंह घाट से लेकर सराफा बाजार में श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर तक उत्सव की हुए। मंदिरों में भगवान नृसिंह के दर्शन के लिए हजारों लोग उमड़े। सराफा स्थित मंदिर में सुबह 7 बजे प्रात: कालीन आरती के बाद भगवान का दुग्धधारा से अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में भगवान की प्राकट्य कथा की गई। दोपहर 12 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। शाम को गोधूलि बेला में नृसिंह की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा छोटा सराफा, खड़े हनुमान मंदिर होकर वापस मंदिर पहुंची।

शिप्रा तट पर पंचमेवे का भोग लगाकर की महाआरती

शिप्रा के तट पर प्राचीन नृसिंह घाट पर नृसिंह मंदिर में सुबह से धार्मिक आयोजन हुए। यहां मंदिर की दीवार पर भगवान नृसिंह के वामन स्वरूप की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के पुजारी ने बताया सुबह पूजन, अभिषेक और श्रृंगार किया गया। दोपहर में आरती और प्रसाद वितरण के बाद, शाम को पंचमेवे का भोग लगाकर महाआरती की गई। सुबह से रात तक यहां भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा रहा।



टेंट लगाया, दुकानदारों ने पार्किंग बना डाली

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने आम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिसर में टेंट लगवाया ताकि गर्मी में धूप से बचा जा सके। लेकिन आसपास के दुकानदारों ने इसे पार्किंग ही बना डाला। यहां लोगों के दोपहिया वाहन खड़े करवाए जा रहे हैं। समिति ने मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को तेज धूप से बचाने के लिए गेट नंबर 13 के पास ये टेंट लगवाए हैं। साथ ही पैरों को गर्मी से बचाने के लिए कारपेट भी बिछवाया गया है। लेकिन हाल ही में देखने में आया कि यहां तो श्रद्धालु की जगह वाहन खड़े दिखने लगे हैं। आसपास के दुकानदारों ने यहां पर लोगों के दोपहिया वाहन खड़े कराने शुरू कर दिए ताकि वाहन गरम न हो। इसके दुकानदार पैसे तक वसूल रहे हैं। समिति के उप प्रशासक एसएन सोनी ने कहा कि इसे लेकर समिति नोटिस जारी कर रही है। यदि इसके बावजूद भी कोई व्यक्ति यहां वाहन खड़े करवाता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सम्मान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी उज्जैन नगर द्वारा नवनियुक्त मंडलों के पदाधिकारीयों का परिचय व स्वागत सम्मान का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा नगर द्वारा विगत दिनों उज्जैन नगर के सभी 12 मंडलों के अध्यक्षों द्वारा अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की गई थी। कार्यकारिणी के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय व स्वागत सम्मान का कार्यक्रम नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में आज 12 मई सोमवार को प्रात: 9 बजे स्थानीय आस्था गार्डन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया है।